हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 जून , 2024

11 पीपीपी से जुड़ी त्रुटियां ठीक करवाने पहुंच रहे नागरिक



12 लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने किया ...



## खबर संक्षेप

### कर्ण हत्याकांड के आरोपी को जेल भेजा

**बहादुरगढ़।** शहर की कबीर बस्ती में दो महीने पहले हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना शहर एसएचओ हरीश कुमार ने बताया कि मृतक के भाई आयुष ने शिकायत दी थी कि उसका भाई कर्ण मेहनत मजदूरी करता था। बीते करीब दो साल से दुर्गा कॉलोनी के निवासी अनिल के पास रह रहा था। अनिल ने ढेहा बस्ती में परचून की दुकान कर रखी है। गत 14 अप्रैल को उसके पास फोन आया कि भाई कर्ण को कुछ व्यक्ति मृत अवस्था में सरकारी अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए हैं। मैंने अपने तौर पर जांच की तो पता चला कि मेरे भाई की रितिक व उसके दोस्तों ने मिलकर हत्या की है। आरोपी की पहचान सुधीर के रूप में हुई है।

### खेत में कार्य कर रहे किसान के साथ मारपीट

**झज्जर :** क्षेत्र के गांव माछरौली में खेत में कार्य करने गए एक किसान युवक के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। राजेश पुत्र रणधीर ने बताया कि बीती दस जून को जब वह गांव के ही रामविलास, अमित, सोमबीर, रवि आदि के साथ खेत में बैठा तो उसके पास गांव के अन्य युवक संदीप का फोन आया और वह बहसबाजी करने लगा। वह खेत में पानी देने के लिए वहीं रुक गया तो वहां संदीप अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौच करने लगा। जब वह डरकर भागने लगा तो आरोपियों ने उसे रोकते हुए मारपीट की।

### झुग्गी-झोपड़ी से नकदी व चांदी के आभूषण चोरी

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव बहू में बुधवार की रात चोरों द्वारा झुग्गी-झोपड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस को दी शिकायत में राजू पुत्र मटरू ने बताया कि वह गांव के कोसली रोड पर बनी झुग्गी झोपड़ी में रहता है। बुधवार की सुबह जब उसने उठकर देखा तो झोपड़ी में रखा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। जब उसने सामान का जायजा लिया तो झोपड़ी में रखे चांदी के आभूषणों के अलावा करीब बीस हजार चोरी हो चुकी थी।

### बकरी चोरी के मामले में दो गिरफ्तार


**बहादुरगढ़।** थाना बादली के एरिया से बकरियां चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया गया। थाना प्रबंधक बादली निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि लुकसर के निवासी विशाल ने शिकायत दी थी कि वह भेड़ बकरियां पालता है। गत तीन मार्च को वे शादी में गए हुए थे। अगले दिन सुबह घर आए तो देखा कि 14 बकरियां नहीं मिली। उसने पता किया तो मालूम हुआ कि बहादुरगढ़ के निवासी हरीश व अजय बकरियों को चोरी करके ले गए हैं। इस पर थाना बादली में मामला दर्ज किया गया। अब पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। उनकी पहचान हरीश व अजय के तौर पर की गई।

# प्रतिदिन जंक फूड व एल्कोहल का सेवन खराब कर सकता है लीवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भागदौड़ भरी जिदंगी में जंक फूड व एल्कोहल का सेवन व्यक्ति के लीवर को बीमार बना सकता है। यदि स्वास्थ्य विशेषज्ञों की माने तो गलत खानपान के कारण लीवर के आसपास फैट जमा होने लगता है जिसे नॉन एल्कोहॉलिक फैटी लीवर डिजीज यानि एनएएफएलडी कहा जाता है। यदि इसका समय रहते इलाज न कराया जाए तो यह लीवर सिरोसिस का कारण भी बन सकता है। जहां 35 से 45 आयु वर्ग के युवा एवं व्यक्ति इसके शिकार हो रहे हैं वहीं अधिक मीठे पदाथार्ें के सेवन के चलते बच्चे भी इस बीमारी की चपेट में आ रहे हैं।

- 35 से 45 आयु वर्ग के युवा एवं व्यक्ति इसके शिकार हो रहे



डॉक्टर ज्योति ने बताया कि लीवर को दुरुस्त रखने के लिए मोटा अनाज लाभदायक रहता है। ये जहां थोड़ी देरी से हजम होते हैं वहीं इनके सेवन के बाद शीघ्र भूख भी नहीं लगती।

### हरी पत्तेदार सब्जियों से फायदा

उन्होंने बताया कि लीवर में स्वयं को दुरुस्त करने की क्षमता होती है लेकिन यह तभी संभव हो पाता है जब व्यक्ति अधिक चटपटे पदार्थों व कैमिकल से दूर रहे। आयुर्वेद में एलोवेरा, हल्दी, आंवला, नीम व करेले जैसी वस्तुएं लीवर की सुरक्षा के लिए लाभकारी होती है। इसके अलावा हरी पत्तेदार सब्जियां, चकुंदर, गाजर व सेब आदि का सेवन भी लीवर को फायदा पहुंचाता है।

### लीवर में खराबी के लक्षण व बचाव

लीवर में खराबी के मुख्य लक्षणों में पेट, एड़ियों व पैरों में दर्द होना, शरीर पर सूजन आना, मूत्र का रंग गहरा, मल में खून आना आदि शामिल हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि तनाव से दूर रहें तथा कोई भी दवा शुरू करने से पहले चिकित्सक की सलाह लें, शराब, सिगरेट आदि नशीले पदार्थों से दूरी बनाएं, नींबू या ग्रीन टी का प्रयोग करे, लहसुन, गाजर, अंगूर, हरी पत्तेदार सब्जियां, सेब, अखरोट आदि को अपनी डाइट में शामिल करें। इसके अलावा व्यक्ति को जब भूख लगी हो तभी वह खाने का सेवन करें जिससे लीवर फिट रहेगा।

# एमआईई में आग की भेंट चढ़ा फुटवियर गोदाम

## लाखों का माल जलकर राख, शार्ट सर्किट से आग लगने की जताई जा रही आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक फुटवियर कंपनी के गोदाम में वीरवार की शाम को भीषण आग लग गई। आग लगने से लाखों का माल जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है, शार्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। दरअसल, दल्लिी के निवासी उमेश गर्ग की मौजा फुटवियर नाम से कंपनी है। एमआईई पार्ट-1 में कंपनी का गोदाम है। इसमें तैयार माल रखा जाता है।

- चार गाडियों के सहारे दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घण्टे बाद आग पर नियंत्रण पाया

वीरवार की शाम करीब सवा छह बजे गोदाम में आग लग गई। ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपने आगोश में ले लिया। आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई और श्रमिकों व आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर भी आग बुझाने के प्रयास किए। जब तक दमकल कर्मी पहुंचते आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी। दूर-दूर तक आसमान के काला धुआं फैल गया।

चार गाड़ियों के सहारे दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घण्टे बाद आग पर नियंत्रण पाया। हालांकि रात आठ बजे के बाद भी पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है। लगभग तमाम माल जल चुका है। मालिक को मोटा नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि दमकल कर्मियों ने समय पर पहुंचकर आग को जेण्य फैक्ट्रियों तक फैलने से रोक लिया। अन्यथा हादसा और बड़ा रूप ले सकता था।

दूसरी तरफ, रेलवे रोड पर एक बन्द दुकान के पिछे भूखंड में फैले कचरे में आग लग गई। इस वजह से आसपास दुकानदारों को परेशानी हुई।







बहादुरगढ़। आधुनिक औद्योगिक संपदा स्थित फुटवियर गोदाम में लगी भीषण आग, आग लगने के बाद गोदाम से सामान बाहर निकालते कर्मचारी, आग बुझाने में जुटे दमकल कर्मी और मौके पर जमा श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

# आग से हरियाली को हो रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आग लगने से लगातार हरियाली को नुकसान पहुंच रहा है। इलाके का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। वीरवार को सेक्टर-2 के सामने स्थित हशविप्रा के जलघर के बाहर आग लग गई। जिससे काफी पौधे बुरी तरह से झुलस गए। आसपास के लोगों और दमकल कर्मियों ने मशक्कतों के बाद आग पर काबू पाया।

- सेक्टर-2 के सामने स्थित हशविप्रा के जलघर के बाहर आग लगने से काफी पौधे झुलस गए

दरअसल, जलघर के बाहर काफी पेड़-पौधे हैं। बेहद से पौधे गर्मी के कारण झुलसकर सूख चुके हैं तो यहां कचरा भी फैला रहता है। करीब 11 बजे अचानक एक हिस्से में आग सुलग गई। तेजी से आग फैलती चली गई। आसपास सेक्टर में रहने वाले लोगों की नजर पड़ी तो उन्होंने हशविप्रा अधिकारी और दमकल विभाग को सूचित किया। जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचती, आग काफी फैल चुकी थी। दमकल कर्मियों के साथ-साथ आसपास के लोगों और छोटे बच्चों ने भी आग बुझाने के प्रयास किए। कुछ घंटे बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। लोगों का कहना है कि ग्रीन बेल्ट व हरियाली वाले क्षेत्रों में कचरा डाल दिया जाता है। अक्सर कचरे को आग के हवाले कर दिया जाता है। इन घटनाओं में न केवल पेड़ जलते हैं, बल्कि असंख्य छोटे जीव भी बेमौत मारे जाते हैं।



बहादुरगढ़। सेक्टर-2 में जलघर के बाहर लगी आग।

# मांगों को लेकर कर्मियों ने किया झाड़ू प्रदर्शन



बहादुरगढ़। झाड़ू प्रदर्शन के बाद अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मांगें न माने जाने पर सफाई कर्मचारियों में सरकार के प्रति रोष है। अपनी मांगों को लेकर वीरवार को नगर परिषद सफाई कर्मचारियों ने शहर में झाडू प्रदर्शन कर रोष जताया। इससे पहले सभी सफाई कर्मचारी इंदिरा पार्क में इकट्ठे हुए और यहां से प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। परिषद के गेट पर नारेबाजी की और मांगों से संबंधित ज्ञापन पत्र कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला को सौंपा।

- प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन पत्र कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला को सौंपा

कर्मचारी नेता राजपाल ने कहा सभी वे अपनी मांगों को लेकर 20 जून को जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। फिर 23 जून को हरियाणा के निकाय मंत्री सुभाष सुधा के आवास कुरुक्षेत्र में नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा का डेपुटेशन मीटिंग करेगा। जिला प्रधान राजेंद्र तुषामड़ ने कहा कि अगर फिर भी हमारी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा भाजपा सरकार के खिलाफ पूरे प्रदेश में बड़े आंदोलन की घोषणा करेगा। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है कि हरियाणा में पालिकाओं, परिषदों व नगर निगमों में कार्यरत अनुबंध, हरियाणा कौशल रोजगार निगम वर्क आउटसोर्स व अन्य सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को नीति बनाकर पक्का किया जाए। क्षेत्रफल आबादी के अनुपात में सफाई कर्मचारी, सीवर मैन, तृतीय व चतुर्थी श्रेणी के कर्मचारियों के पद सृजित कर नियमित भर्ती की जाए। संघ द्वारा 23 अक्टूबर 2023 को दिए गए 24 सूत्रीय मांगों का बातचीत से जल्द से जल्द समाधान किया जाए। पे रोल सभी सफाई कर्मचारियों को 4000 जोखिम भत्ता दिया जाए। आउटसोर्सिंग ठेके पर लगे सभी कर्मचारियों को रोल पर किया जाए। पुरानी पेंशन स्कीम को बाहल किया जाए और नई पेंशन स्कीम को रद्द किया जाए। प्रदर्शन में इकाई सचिव कुलदीप, अमित, लीलाराम, राजेश, सरोज, उषा, पिंकी, सुनीता बामडोली, अजय, सोनू, संदीप, सुनीता, सुशीला, मुनिया दरोगा, वेदपाल दरोगा, सतबीर दरोगा, नंदराम दरोगा, राजकुमार दरोगा, बिमला, प्रमिला, शकुंतला, मोनिका, संजय, सुनील, मनोज, राकेश, सुभाष, अमित इस मीटिंग में अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# जिनसे मांगी मदद, उन्हीं ने मारपीट कर लूट ली गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जमीन के फंसे हुए रुपये निकलवाने के लिए पीड़ित ने जिन युवकों से मदद मांगी, उन्हीं ने उसके साथ लूटपाट की वारदात कर डाली। हालांकि झज्जर-सोनीपत जिले की पुलिस ने दो आरोपियों को लूटी और वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी सहित कुछ ही घंटों में काबू कर लिया। दोनों आरोपी जेल भेज दिए गए हैं। वारदात में शामिल रहे अन्य चार आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। वारदात बरोणा के निवासी अभिषेक के साथ हुई थी। दरअसल, अभिषेक बुधवार को यहां ओमेक्स में अपनी गर्लफ्रेंड के पास आया हुआ था। दोपहर के वक्त दोनों गाड़ी में सवार होकर कहीं जाने लगे। गाड़ी अभिषेक की महिला मित्र चला रही थी। जब ये 100 फुटा रोड पर पहुंचे तो अचानक एक स्विफ्ट गाड़ी ने इनका रास्ता रोका।

- दो जिलों की पुलिस ने घंटों में ही सुलझा दी लूटपाट की वारदात



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में पकड़े गए दोनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

गाड़ी में से पांच-छह युवक बाहर उतरे। उन्होंने गाड़ी से अभिषेक को निकालकर मारपीट शुरू कर दी। फिर गाड़ी लेकर भाग गए। अभिषेक ने यह सूचना पुलिस को दी। बहादुरगढ़ सेक्टर-6 थाना पुलिस हरकत में आई। गाड़ी में जीपीएस लगा हुआ था तो लोकेशन केएमपी की बताई। जिस पर यहां की पुलिस ने सोनीपत पुलिस से संपर्क किया। इस दौरान वहां मुरथल टोल से आगे लडसोली गांव की सर्विस लेन से एसएजी यूनिट ने गाड़ी सहित दो आरोपी काबू कर लिए। फिर वे बहादुरगढ़ सेक्टर-6 थाना पुलिस को सौंप दिए गए। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी बरामद कर ली।

### ऐसे की वारदात

आरोपियों की पहचान रौनक और रितिक के रूप में हुई। पीड़ित अभिषेक के अनुसार, वह पेशे से जमींदार है। वर्ष 2023 में उसने अपनी जमीन बेची थी। बिचौलिये से उसे रुपये लेने थे। लेकिन वह दे नहीं रहा था। इस दौरान पखवाड़ा भर पहले इंस्टाग्राम पर रौनक से संपर्क हुआ। उसने मुझसे कहा कि तुम्हारे रुपये निकलवा दूंगा लेकिन दस लाख देने होंगे। मैंने उससे कहा कि 20 लाख दूंगा, रुपये निकलवा दो। कुछ दिन बाद रौनक ने रुपये निकलवाने से मना कर दिया। इसी बीच बुधवार को वह वारदात करने आ गया और कहने लगा कि हम जो काम लेते हैं, उसकी फीस लेकर रहते हैं। वहीं, दूसरी तरफ सेक्टर-6 पुलिस ने दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में भेज दिए हैं। अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कही जा रही है।





सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट!

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।

## हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

## पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।





## पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट


फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

## अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

### अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।



सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108



1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?

बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
**सोनू :** 20 नंबर।
-रंजीत, हिसार

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।
-खुशबू, रायपुर



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'
-शुभम, भोपाल

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



उदय, बालोद



रितेश, मटियारी



सृष्टि, रायपुर



अपर्णा, कबीरधाम



अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

## रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?





A B C D

उत्तर : D

## खबर संक्षेप



झज्जर। अंबेडकर चौक पर राहगीरों को शरबत पिलाते हुए युवा।

### गोकुल धाम गोशाला टीम ने राहगीरों को पिलाया शरबत

**झज्जर।** शहर के अंबेडकर चौक के नजदीक पुराना बस स्टैंड मार्ग पर गोकुल धाम गोशाला टीम व गोरक्षा दल के सदस्यों द्वारा वीरवार को छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाया गया। सेवा करने को लेकर युवाओं में खासा उत्साह रहा। उन्होंने राहगीरों में शरबत वितरण कर उन्हें प्यास से राहत दिलाई। इस मौके पर गौरव, कुलदीप, प्रदीप, रतन, विशु कायत सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### सब्जी मंडी से बाइक चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** झज्जर रोड स्थित सब्जी मंडी परिसर से एक बाइक चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। आर्य नगर के निवासी रामबिलास का कहना है कि वह 11 जून को अपनी बाइक लेकर मंडी में गया था। शेड के नीचे बाइक खड़ी करके सब्जी खरीदने लगा। कुछ देर बाद लौटा तो बाइक नहीं मिली। काफी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

# एचडी स्कूल के 42 विद्यार्थी राज्यपाल से हुए सम्मानित




झज्जर। सम्मान समारोह में पुरस्कार लेते हुए विद्यार्थी एवं शिक्षक, विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बाल भवन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले एचडी स्कूल साल्हावास के 42 विद्यार्थियों को राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया गया है। पंचकूला के इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय द्वारा सभी होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल की सहगामी क्रियाओं की इंचार्ज रेखा सहरावत ने बताया कि उनके स्कूल का ग्रुप 3 का समूह गान प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इसी ग्रुप में अंग्रेजी भाषण स्पर्धा में अंशिका और ग्रुप 4 में छात्रा दीप्ति ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार नृत्य, फन गेम्स, क्विज प्रतियोगिता, क्ले मॉडलिंग आदि प्रतियोगिताओं के दौरान कुल 42 विद्यार्थियों को सम्मान मिला। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने सम्मानित हुए सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए, उनकी तैयारी कराने वाले शिक्षकों की भी सराहना की।

### बाल दिवस पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में संस्कारम के 28 विद्यार्थी पुरस्कृत

**झज्जर।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बाल पुरस्कार वितरण समारोह में प्रदेश के राज्यपाल महामहिम बंडारू दत्तात्रेय द्वारा संस्कारम स्कूल खातीवास के 28 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने बताया कि उनके विद्यालय के छात्र धैर्य ने जहां बेस्ट ड्रामेबाज के रूप में प्रथम पुरस्कार हासिल किया वहीं अंजलि, श्रेया, नेहा, खुशी, युक्ति, मुकुल, कनिष्का, हिमाक्षी, सिया, वंदना आदि विद्यार्थियों ने द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करते पर पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने इस उपलब्धि पर शिक्षकों को बधाई देते हुए पुरस्कृत विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विद्यार्थियों को किया नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक



फोटोफाईल13जेजेआरपी5
झज्जर। अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साल्हावास

वीरवार को जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त अभियान के तहत आईटीआई मातनहेल में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। एसपी अनिल कुमार ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आमजन विशेषकर युवाओं को जागरूक कर नशे को छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नशा सेवन करने के आदि हो चुके नौजवानों को नशा छुड़ाने के लिए उनके परिवार वालों के सहयोग की भी अत्यंत आवश्यकता होती है। उन्होंने बताया कि अभियान में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए भी गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। स्थानीय पुलिस की विभिन्न टीमों ने नशा बेचने का अवैध धंधा करने वाले कुछ आरोपियों को पकड़ने में कामयाबी भी हासिल की है। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इसे हम सबको मिलकर जड़ से उखाड़ कर फैंकना होगा। इस दौरान साल्हावास थाना प्रभारी दिलबाग सिंह, झाड़ली चौकी प्रभारी संयम, संस्थान प्राचार्य अनिल दलाल सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# लू के थपेड़ों से बाहर निकलना दूभर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



- अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस व 33 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा

गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। लू के थपेड़ों के चलते लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वीरवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस व 33 डिग्री न्यूनतम तापमान रहा। गर्मी से राहत के लिए लगे पंखे व कूलर फेल हो चुके हैं, जिससे लोगों को घरों में भी चैन नहीं मिल पा रहा है। डॉक्टर भी लोगों को जरूरी होने पर ही शरीर को ढक कर बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं। जी हां, क्षेत्र में पारा लगातार बढ़ता ही जा रहा है और लू के चलते लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सुबह होते ही गर्म हवा के कारण लोग जल्द ही अपना काम निपटाकर वापस लौटने की सोचते हैं। लू चलने के कारण दोपहर होते ही मार्केट तो क्या कालोनियों की गलियां भी सूनी रहती हैं। लू से बचने के प्रयास में लोग सिर, मुंह ढककर ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी का प्रकोप इतना अधिक हो गया है कि पंखे भी गर्म हवा फैंक रहे हैं। गर्मी व उमस के देर शाम तक बने रहने से भी लोग काफी परेशान हैं। चिकित्सकों के अनुसार लू लगने से शरीर का तापमान बढ़ जाता है। ताप को नियंत्रण करने के लिए शरीर से पसीना नहीं निकल पाता। हमें काफी सावधानी बरतनी चाहिए। जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें और वह भी शरीर को पूरा ढक कर ताकि गर्मी का असर कम हो।



झज्जर। एनीमिया मुक्त अभियान की समीक्षा करते हुए एडीसी सलोनी शर्मा।

### एनीमिया मुक्त अभियान को लेकर आपसी समन्वय से कार्य करें अधिकारी

**झज्जर।** वीरवार को एनीमिया मुक्त अभियान और मिशन रूबेला को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स कमेटी की बैठक एडीसी सलोनी शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर ब्रह्मदीप सिंह ने एनीमिया मुक्त अभियान और विशेष टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आगामी 24 जून से 29 जून तक विशेष टीकाकरण अभियान भी विभाग द्वारा चलाया जाएगा। एडीसी सलोनी शर्मा ने कहा कि जिले को एनीमिया मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 100 दिन एनीमिया मुक्त अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने शिक्षा,खाद्य एवं आपूर्ति,महिला एवं बाल विकास,आयुष,विकास एवं पंचायत सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम को लेकर आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# खेतों में मिला कंकालनुमा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- शव को पशुओं ने बुरी तरह से नोचा केवल हड्डियों को ढांचा ही बचा
- एफएसएल टीम के साथ पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे मौके पर

कई दिन से लापता एक व्यक्ति का शव उसी के खेतों में कंगालनुमा हालत में मिला। पशुओं ने शव को इस कद्र नोचा कि केवल हड्डियों का ढांचा ही रह गया। व्यक्ति की मौत किन कारणों के चलते हुए, यह फिलहाल सवाल बना हुआ है। लाइनपार थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर मिले कपड़ों और दस्तवेज़ों के आधार पर मृतक की शिनाख्त हुई। मृतक करीब 34 वर्षीय देवेंद्र बामड़ोली का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार, देवेंद्र खेतबाड़ी करता था, साथ ही ऑटो चलाता था। जांच अधिकारी सुरेंद्र ने बताया कि देवेंद्र दो जून को अपनी पत्नी को छोडऩे उत्तराखंड गया था। इसके बाद से ही वह लापता था। गत 9 जून को जब उसकी पत्नी आई तो देवेंद्र घर नहीं मिला। इसके बाद उसे काफी तलाश किया गया, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। बुधवार को देवेंद्र की पत्नी खेतों की तरफ गई तो वहां एक कंकाल पड़ा हुआ था और दुर्गंध भी आ रही थी। देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। उधर, इसकी सूचना मिलते ही लाइनपार थाना प्रभारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कंकाल के पास पड़े कपड़ों व दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान देवेंद्र के रूप में की गई। एफएसएल टीम ने मौके पर जांच की। वीरवार को पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया। देवेंद्र की मौत किन कारणों के चलते हुई फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है। उधर, पुलिस का कहना है कि फिलहाल घटना को इत्तेफाक मानकर कार्रवाई की गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या कुछ आता है, उसी के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### डीसी ने सीएम अनाउंसमेंट, बाढ़ प्रबंधन प्लान, पीपीपी कार्यक्रमों का लिया फीडबैक



झज्जर। वीसी उपरांत बैठक में विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए डीसी कैप्टन शक्ति सिंह। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** जिले के सभी अधिकारी विकास परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा करें। साथ ही सरकार द्वारा जनसमस्याओं के समाधान को लेकर आयोजित समाधान शिविरों में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। यह निर्देश डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने वीरवार को रोहतक मंडलायुक्त संजीव वर्मा की वीसी उपरांत अधिकारियों की बैठक में योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने बाढ़ प्रबंधन प्लान, परिवार पहचान पत्र, जल निकासी, शहरी क्षेत्रों में जल निकासी सुविधा,आस पोर्टल, डी प्लान सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन शुरू होने से पहले पशुओं का जरूरी टीकाकरण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारी प्रभावी रूप से कार्य करें। साथ ही बरसात से पूर्व सड़कों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया जाए। वहीं गांवों में बिजली, पानी, सिंचाई संबंधित समस्याओं का समाधान करने के भी निर्देश दिए।

### क्लेरिकल एसोसिएशन करेगी मुख्यमंत्री आवास का घेराव



झज्जर। राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन के पपंलेट दिखाते हुए क्लेरिकल एसोसिएशन सदस्य। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** लिपिकीय वर्ग के कर्मचारियों ने सम्मानजनक वेतनमान व अन्य महत्वपूर्ण लंबित मांगों के लिए एक बार फिर एकजुट होकर आवाज उठाई है। वीरवार को क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी की प्रदेश कार्यकारिणी ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि बीते वर्ष 15 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और क्लेरिकल एसोसिएशन के नेताओं के बीच हुए समझौते अनुसार 35 दिन के हड़ताल पीरियड को ड्यूटी पीरियड और सात दिन की ईएल काटने तथा सम्मानजनक वेतनमान देने के वादे को पूरा करें अन्यथा वे फिर से हड़ताल करने को मजबूर होंगे। प्रदेश के सभी विभागों, बोर्डो,नगर निकायों और विश्वविद्यालयों के लिपिकीय कर्मचारियों की क्लेरिकल एसोसिएशन ने हड़ताल के समय नकारे गए 21700 का वेतनमान को छलावा बताया। एसोसिएशन के राज्य प्रधान बलजीत जून ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर उनकी जायज मांगों पर विचार-विमर्श करने तथा मिलने के लिए अनुरोध किया है। राज्य महासिचव सतीश ढाका ने कहा कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आगामी 18 जून से 6 जुलाई तक सरकार का विरोध करते हुए जनहित में कार्य करेंगे तथा इस दौरान भी समाधान नहीं हुआ तो सात जुलाई को करनाल में मुख्यमंत्री आवास का घेराव व विरोध प्रदर्शन पर मजबूर होंगे। इस मौके पर महिला विंग की राज्य प्रधान जया यादव, राज्य वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र सिंह सुहाग, राज्य उप महासचिव विकास सिंह छोकर,जिला प्रधान मोहित गुलिया, कैशियर धर्मेंद्र ढाका व यशपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। क्लबफुट के संबंध में प्रदान की गई जागरुकता सामग्री दिखाते हुए अभिभावक। फोटो :हरिभूमि

### क्लबफुट से ग्रसित बच्चों का चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा निःशुल्क इलाज

**झज्जर।** स्थानीय नागरिक अस्पताल में क्लबफुट अभियान के दौरान टेढ़े-मेढ़े हाथ-पांव की बीमारी से ग्रसित 28 बच्चों का जहां निःशुल्क उपचार किया जा रहा है वहीं उनकी मॉनिटरिंग भी की जा रही है। डीआइसी मैनेजर अंजू ने बताया कि क्लबफुट वाले बच्चों के विशेष इलाज के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। डिप्टी सीएमओ डॉक्टर मनोज सैनी और नोडल अधिकारी डॉक्टर निशा डाबर के नेतृत्व में डीआइसी टीम व अनुष्का फाउंडेशन व वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा वीरवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जागरुकता सामग्री बनाते हुए आईबीसीके द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचाराधीन बच्चों को नियमित एक्सरसाइज व प्लास्टर लगाया जाता है। इसके अलावा अनुष्का फाउंडेशन की ओर से कृत्रिम जूते भी प्रदान किए जाते हैं। प्रत्येक सोमवार को लगने वाले क्लबफुट क्लीनिक में डीआइसी की पूरी टीम फिजियोथैरेपिस्ट, साइकोलॉजिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ आदि द्वारा बच्चों की जांच की जाती है।

### प्रवासी श्रमिकों व राहगीरों को कराया लू से बचने के लिए घरेलू नुस्खों से अवगत

**झज्जर।** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया तथा इंडेप्थ विजन फाउंडेशन द्वारा वीरवार को प्रवासी मजदूरों व राहगीरों को लू से बचने के उपायों से अवगत कराया गया। संस्था सदस्य पूनम ने बताया कि लू से बचने के लिए घरेलू नुस्खे भी लाभदायक साबित होते हैं। लोगों को तेज गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी पीना, बेलगिरी का जूस या नींबू की शिंकजी पीना, आंख, कान और नाक आदि को ढक कर रखना, टमाटर की चटनी, नारियल और पेठा खाना, आदि शामिल है। इस दौरान संस्था सदस्यों द्वारा जहां छिक्कारा चौक पर जूस व ग्लूकोज का लंगर लगाया वहीं झुग्गी-झोपड़ियों में पहुंच कर प्रवासी मजूदरों व उनके बच्चों में भी जूस व ग्लूकोज वितरित किया। इस दौरान यश जांगड़ा, साहिल, जितेंद्र,जोनी, योगेश जांगड़ा, अश्वनी, संदीप देशवाल, मनजीत, प्रीति, खुशी, जॉनी, धर्मेंद्र सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। शहर के कोसली रोड पर बनी झुग्गी झोपड़ियों में जूस वितरित करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# सैनी को चुनाव में जीतने पर बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। सीएम नायब सैनी को बधाई देती डा. नीना, सतपाल व आश्चर्य राठी।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष डा. नीना राठी व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल राठी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से हरियाणा निवास पर मुलाकात की। उन्होंने करनाल विधानसभा उपचुनाव में रिकॉर्ड जीत के लिए सीएम नायब सिंह सैनी को बधाई दी। राठी दंपति ने कहा कि नायब सभी वर्गों के लोगों को साथ लेकर चलने वाले नेता हैं। नारी शक्ति को उनका हक दिलाने के साथ ही उनके उत्थान के लिए भी भाजपा सरकार हर उचित कदम उठा रही हैं। भाजपा सरकार ने बिना किसी भेदभाव के बिना पर्ची-खर्ची के योग्यता के आधार पर नौकरियां दी है। इस मौके पर उनके पुत्र एडवोकेट आश्चर्य राठी भी मौजूद रहे।

### गांवों व वार्ड में आज से लगेंगे पीपीपी डाटा सत्यापन कैंप



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी सलोनी शर्मा। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** शुक्रवार से परिवार पहचान पत्र में डेटा सत्यापन कराने व दस्तावेजों में सुधार के लिए प्रत्येक गांव और शहर में वार्ड स्तर पर प्रातः नौ बजे से शाम चार बजे तक चिन्हित स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे। इन कैंपों में पहुंचकर नागरिक डाटा सत्यापन संबंधी कार्य पूरे करा सकते हैं। डाटा सत्यापन को लेकर यह विशेष शिविर 22 जून तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नागरिकों की पीपीपी संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान होगा। एडीसी सलोनी शर्मा ने बताया कि कैंपों में सभी अपडेट परिवारों को हस्ताक्षरित परिवारों में बदलना, पीपीपी डेटा जैसे जन्म तिथि सत्यापन, हस्ताक्षर संबंधी मामले, सिंगल मैंबर,मोबाइल नंबर से जुड़ी त्रुटि दुरुस्त करना सहित 12 बिंदुओं से जुड़े डेटा सत्यापन कार्य होंगे। इसके उपरांत एडीसी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से आवेदनों की वेरिफिकेशन कार्य मे तेजी लाने के निर्देश दिए।

**शिविर** 172 शिकायतों की सुनवाई करते हुए समाधान के निर्देश दिए

# पीपीपी से जुड़ी त्रुटियां ठीक करवाने पहुंच रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। समाधान शिविर में जनसमस्या सुनते डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन व एसडीएम रविंद्र यादव।

वीरवार को समाधान शिविर में डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन और एसडीएम रविंद्र यादव ने 172 शिकायतों की सुनवाई करते हुए समाधान के निर्देश दिए। इनमें से अधिकांश समस्याएं परिवार पहचान पत्र में नाम ठीक करवाने, इनकम दुरुस्त करवाने, व्यवसाय दुरुस्त करवाने, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड बनवाने, परिवार पहचान पत्र में नए सदस्य जोड़ने से संबंधित रही। उन्होंने आमजन की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव ढाणा निवासी सुरेंद्र सिंह ने परिवार पहचान पत्र में आय दुरुस्त करने के लिए आवेदन किया वहीं गांव सुरहा की धन्नो देवी, गांव बरहाना की गुलजरी बुढ़ापा पेंशन बनवाने के लिए पहुंची। गांव बेरी निवासी सुशीला देवी ने अपना गुलाबी राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया। इसी प्रकार से गांव जटवाडा निवासी सूरजभान और श्रीभगवान ने पीपीपी में इनकम डाटा सत्यापन के लिए आवेदन किया। गांव डीघल निवासी रणसिंह ने आय सत्यापन,गांव मातनहेल की मीना देवी ने विकलांग पेंशन के लिए दरखास्त दी। गांव मुंढाडा निवासी जय सिंह वोटर कार्ड,कमलेश रानी ने बीपीएल कार्ड बनवाने,उमेद सिंह ने पेंशन के लिए आवेदन किया।

### पुत्री पर लगाया दोहते का गला दबाने की कोशिश का आरोप

**झज्जर।** जहाजगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री व एक अन्य व्यक्ति पर अपने नाती के साथ मारपीट करने व गला दबाकर मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में शांतिप्रकाश ने बताया कि बुधवार की रात करीब सात बजे उसके दोहते युग ने उसकी पुत्री सुनीता के पास फोन करते हुए उसकी मम्मी व एक अन्य व्यक्ति द्वारा उसके साथ मारपीट करने की बात कही। इसके बाद जब वह शहर के पुराना बस स्टैंड के पीछे स्थित ब्यूटी पार्लर पर पहुंचे तो उसके दोहते युग ने बताया कि वह अपनी मम्मी के पास ब्यूटी पार्लर में आया था। यहां प्रतीक नामक युवक भी मौजूद था। जब प्रतीक ने पूछा कि तू यहां किसलिए आया है तो उसने कहा कि वह अपनी मम्मी से मिलने आया है। इस बात पर प्रतीक ने उसे थप्पड़ व मुक्के मारते हुए कैंची उठा ली तथा उसकी मम्मी अनीता भी उसके साथ मारपीट करते हुए उसका गला दबाने की कोशिश करने लगी। शांति प्रकाश के अनुसार उन्होंने युग को दोबारा यहां आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। वे करीब चौदह वर्षीय युग को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे जहां वह उपचाराधीन है।

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बादली**

**केस नं.-283/Teh., तिथि दायरा-08.05.2023, तिथि पेशी-04.07.2024, मौजा-बादली, तह.-बादली, जिला-झज्जर**

**मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं० 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरुग्राम-122015 - (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।**
..........प्रार्थी

बनाम

1. सन्दीप 2. अमरदीप पुत्रान सत्यनारायण पुत्र रामकंवार 3. कमलदीप पुत्र सुरेन्द्र शर्मा पुत्र रामकंवार 4. अंगूरी देवी विधवा व 5. ईशवन्ती 6. बीना 7. अनीता 8. सोनी पुत्रीयान व 9. सतबीर 10. संजय 11. बिजेन्द्र पुत्रान लक्ष्मीनारायण पुत्र सूरतराम।
निवासीगण गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर।
..........उत्तरवादीगण

**दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं. 340/267 मौजा दरियापुर, जमाबंदी साल 2017-18 तह. बादली व जिला झज्जर।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम सन्दीप आदि निवासीगण गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा दरियापुर दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 04.07.2024 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब / उजर के लिए असालतन / वकालतान पेश होवें अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन / विज्ञापन आज दिनांक 09.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

**हस्ता/-**
**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बादली।**

**सार्वजनिक सूचना**

**न्यायालय सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बादली**

**केस नं.-215/Teh., तिथि दायरा-09.11.2022, तिथि पेशी-04.07.2024, मौजा-बादली, तह.-बादली, जिला-झज्जर**

**मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड हाल आबाद प्लॉट नं० 77-बी, तृतीय तल, सैक्टर-18, इफको मार्ग, गुरुग्राम-122015 - (हरियाणा)। मार्फत अधिकृत प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री धूपसिंह।**
..........प्रार्थी

बनाम

1. महाबीर पुत्र रणधीर सिंह पुत्र मंगलीराम 2. धनपति विधवा व 3. जयबीर 4. बलजीत पुत्रान करतार सिंह पुत्र प्रीतसिंह 5. इन्दिरा पुत्री दलपतसिंह पुत्र मंगलीराम।
निवासीगण गांव महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर।
..........उत्तरवादीगण

**दरखास्त तकसीम बाबत भूमि खेवट नं. 184/131, मौजा महमूदपुर माजरा, जमाबंदी साल 2020-2021 तह./ बादली व जिला झज्जर।**

सर्व साधारण को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मॉडल इकोनोमिक टाऊनशिप लिमिटेड गुरूग्राम बनाम महाबीर आदि निवासीगण गांव महमूदपुर माजरा, तहसील बादली, जिला झज्जर आधीन राजस्व अधिनियम मौजा महमूदपुर माजरा दरखास्त तकसीम बाबत भूमि के लिए इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस विज्ञापन प्रकाशन के माध्यम से उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान की तलबी की जाती है और उत्तरवादीगण व उनके कानूनी वारसान को हिदायत दी जाती है कि वह निश्चित तिथि 04.07.2024 को निम्न हस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब /उजर के लिए असालतन / वकालतान पेश होवें अन्यथा आपके विरूद्ध यकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। यह समन / विज्ञापन आज दिनांक 09.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया है।

**हस्ता/-**
**सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, बादली।**

## खबर संक्षेप



### दीपेंद्र से मिलकर अरुण ने दी बधाई

**बहादुरगढ़।** रोहतक लोकसभा क्षेत्र से जीतने के बाद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली में मुलाकात कर वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने उन्हें बधाई दी। जाट धर्मशाला लाइनपार के चेयरमैन उमेद खत्री, अंबेडकर सभा के प्रधान उमेद, सन्नी, विजय कुमार, अभिषेक डाबला, एस्टल दीपक, कुलविंद्र, रोहित, संजय जोवल, कर्मजीत दलाल, कमल, सुरेंद्र जोवल, रवि, अमित अहलावत, नवीन खत्री, दीपांशु खत्री, बालकिशन, उज्ज्वल, नवीन राठी व नीरज आदि ने अरुण खत्री के साथ दीपेंद्र से मुलाकात की।

### 8 लोगों की आंखों का करवाया ऑपरेशन

**बहादुरगढ़।** जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही ने लडरावण गांव में आयोजित नेत्र जांच शिविर में चिह्नित 8 लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवाया। भाजपा नेता रविंद्र छिल्लर वर्ष-2016 से हर रविवार को बहादुरगढ़ हलके में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगा रहे हैं। वे अब तक 3225 लोगों की आंखों का ऑपरेशन करवा चुके हैं। जबकि हजारों लोगों को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए जा चुके हैं।



### चोरी के मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** थाना आसौदा पुलिस ने ट्यूबवेल का पंखा मोटर चोरी करने के मामले में एक आरोपी को काबू किया है। मांडोठी चौकी प्रभारी अनिल पूनिया ने बताया कि मांडोठी के निवासी ओमप्रकाश ने शिकायत दी थी कि उसने अपने खेत में ट्यूबवेल पंखा लगा रखा था। गत सात जून को वह अपने खेत में गया तो उस समय ट्यूबवेल पर पंखा मोटर लगी हुई थी। फिर 9 जून को पहुंचा तो ट्यूबवेल पर पंखा मोटर नहीं मिली।

#### नई शिक्षा नीति के तहत मेजर व माइनर सब्जेक्ट के कॉम्बिनेशन किए गए हैं तैयार

# कॉलेजों में एडमिशन के लिए छात्रों की पसंद बना आर्ट्स

आवेदन के लिए 25 जून अंतिम तारीख, आवेदन कम होने पर तारीख को आगे भी बढ़ाया जा सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा कॉलेजों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस बार कॉलेजों में नई शिक्षा नीति के तहत दाखिले लिए जा रहे हैं। फिलहाल आवेदन के लिए 25 जून अंतिम तारीख है। हालांकि आवेदन कम होने पर तारीख को आगे भी बढ़ाया जा सकता है। नई शिक्षा नीति के अनुसार ही सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन भी तैयार किए गए हैं। इसमें मेजर व माइनर सब्जेक्ट का कॉम्बिनेशन तैयार किया गया है। सभी कॉलेजों ने यहां उपलब्ध स्टाफ के हिसाब से मेजर व माइनर सब्जेक्ट के कॉम्बिनेशन तैयार किए हैं। ऐसे में छात्र अपनी पसंद के सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन वाले कॉलेज का चुनाव कर उसमें आवेदन के लिए अप्लाई कर सकते हैं। हालांकि अब तक सभी कॉलेजों में आर्ट्स (बीए) के आवेदन सर्वाधिक हैं।



बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी महाविद्यालय में ऑनलाइन पंजीकरण करती स्टॉफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय कॉलेज बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार रंगा के अनुसार बीए मॉर्निंग की 320 सीटों के लिए 267, बीए इवनिंग की 200 सीटों के लिए 37, बीबीए की 40 सीटों के लिए 44, बीकॉम की 180 सीटों के लिए 47, बीसीए की 60 सीटों के लिए 100, बीएससी लाइफ साइंस की 60 सीटों के लिए 24 और बीएससी फिजिकल साइंस की 120 सीटों के लिए 20 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

### राजकीय गर्ल्स कॉलेज

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के नोडल अधिकारी मेहर सिंह ने बताया कि बीए की 280 सीटों के लिए 139, बीकॉम की 120 सीटों के लिए 17, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 21 और बीएससी फिजिकल साइंस की 20 सीटों के लिए 13 पंजीकरण हो चुके हैं।

### राजकीय कॉलेज बादली

राजकीय महाविद्यालय बादली की मीडिया प्रभारी डॉ. पूनम ने बताया कि बीए में 400 सीटों के लिए 107, बीए भूगोल की 40 सीटों के लिए 2, बीकॉम की 80 सीटों के लिए 5, बीएससी लाइफ साइंस की 20 सीटों के लिए 9, बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 14 और बीएससी केमिस्ट्री की 40 सीटों के लिए 10 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### राजकीय कॉलेज छारा

छारा के राजकीय महाविद्यालय में दाखिलों के संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. अश्विनी ने बताया कि बीए की 240 सीटों के लिए 158, बीकॉम की 60 सीटों के लिए 8, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 11 और बीएससी फिजिकल साइंस की 80 सीटों के लिए 17 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।

### जसौरखेड़ी और वैश्य

जसौरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय की नोडल अधिकारी डॉ. सुनैना के अनुसार यहां बीए की 160 सीटों के लिए अब तक 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में बीए की 160, बीकॉम की 160, बीएससी फिजिकल साइंस की 60 तथा बीसीए की 180 सीटें उपलब्ध हैं।



बहादुरगढ़। विधायक जून का आभार जताते पार्षद बलराम दलाल व वार्डवासी।

## नई पाइपलाइन का टेंडर होने पर विधायक का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

- पार्षद बलराम दलाल के अनुसार 2 करोड़ 15 लाख 49 हजार में बिछेगी सीवर की नई पाइपलाइन

सीवरेज की समस्या का स्थाई समाधान करवाने के लिए विधायक राजेंद्र सिंह जून के प्रयासों से वार्ड नंबर-26 समेत अन्य कॉलोनी में 2 करोड़ 15 लाख 49 हजार का टेंडर लगाया गया है। पार्षद बलराम दलाल व वार्ड वासियों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर सीवर की नई पाइपलाइन का टेंडर लगवाने के लिए विधायक राजेंद्र सिंह जून का आभार जताया।

विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि देव नगर की गली नंबर-5, मॉडल टाउन, विवेकानंद नगर व दिल्ली-रोहतक रोड क्षेत्र में सीवर की नई पाइपलाइन डाली जाएगी। जिससे इन कॉलोनियों के लोगों को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से निजात मिलेगी। इसके लिए विभाग ने 11 जून को टेंडर लगा दिया है। तीन जुलाई को टेंडर अलॉट हो जाएगा और उसके बाद सीवरेज की नई पाइपलाइन डालने का कार्य शुरू हो जाएगा। पार्षद बलराम दलाल ने विधायक जून का आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयास से देव नगर की गली नंबर-5 व मेला ग्राउंड में वर्षों पुरानी सीवरेज की समस्या का स्थाई समाधान हो जाएगा। नई पाइपलाइन देव नगर गली नंबर-5 से शुरू होकर नहर के साथ से राज अखाड़ा तक जाएगी। उन्होंने एक्सईएन अमन मोर व एसडीओ सुनील शर्मा का भी आभार जताया। इस मौके पर सूबेदार दलपत, महेंद्र गहलोत, आजाद जून, जगबीर जांगड़ा, रिटायर्ड एसडीओ देवेंद्र, श्रीकिशन जांगड़ा, बलबीर मलिक, सूबेदार चंद्रभान, संजय मास्टर, अजय लोहचब, कृष्ण पहलवान, धर्मपाल जांगड़ा, कप्तान, रणधीर सिंह व सुखबीर मास्टर आदि ने को लड्डू खिलाकर आभार जताया।

## सेक्टरों में लगेंगे बिजली के 13 नए ट्रांसफार्मर

**बहादुरगढ़।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टरों में विद्युत आपूर्ति सुदृढ़ करने के लिए 13 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। ग्रीवेंस कमेटी मेंबर जसबीर सैनी ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के साथ ही प्राधिकरण के अधिकारियों का आभार जताया है। बता दें कि हशविप्रा की ओर से सेक्टर-2 में साढ़े 25 लाख रुपए की लागत से 200 केवीए के 4 ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। सेक्टर-9ए में 29.89 लाख रुपए में 200 केवीए के 4 ट्रांसफार्मर, 18.58 लाख में सेक्टर-12 स्थित ऑटो मार्केट में 200 केवीए के 3 ट्रांसफार्मर तथा 16.23 लाख रुपए की लागत से सेक्टर-11 में 200 केवीए के 2 ट्रांसफार्मर लगाने के साथ ही एचटी-एलटी लाइन का काम करवाया जाएगा। हशविप्रा की इलेक्ट्रिकल विंग के एक्सईएन डीपी कौशिक ने बताया कि जनहित के लिए बिजली की समस्या नहीं रहने दी जाएगी। पूर्व पार्षद जसबीर सैनी के अनुसार बहादुरगढ़ के सेक्टरों में बिजली की समस्या से निजात दिलाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी के आदेश पर 13 नए ट्रांसफार्मर जल्द लगाए जाएंगे।



बहादुरगढ़। नए बिजली ट्रांसफार्मरों का स्वीकृति पत्र प्राप्त करते जसबीर सैनी।

## लंबित मांगों को लेकर सफाई कर्मियों ने किया विरोध- प्रदर्शन

- मांगों संबंधी ज्ञापन नगर परिषद अधिकारियों के माध्यम से शहरी निकाय मंत्री प्रदेश सरकार को भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विभिन्न लंबित मांगों को लेकर वीरवार को नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा झाड़ू प्रदर्शन किया गया। नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर परिषद के सफाई कर्मचारी सुबह करीब दस बजे यादव धर्मशाला चौक पर एकत्रित हुए। उसके उपरांत जुलूस की शक्ल में सरकार विरोधी नारे व अपनी लंबित मांगों को पूरा करने की आवाज उठाते हुए वे नगर परिषद कार्यालय तक पहुंचे। नगर परिषद पहुंचने पर उन्होंने अपनी मांगों संबंधी ज्ञापन नगर परिषद अधिकारियों के माध्यम से शहरी निकाय मंत्री प्रदेश सरकार को भेजा। ज्ञापन में बताया गया कि नगरपालिका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ पूर्व में हुए समझौतों के अनुसार किए गए वायदों को सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया जबकि सरकार द्वारा दस वर्ष पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में ही सफाई कर्मियों व सीवर कर्मचारियों को ठेका प्रथा समाप्त कर उनकी नियमित भर्ती किए जाने की बात कही थी। इसके अलावा गुरुग्राम में 3480 कर्मचारी वर्ष 2020 से सितंबर 2023 तक मैन पावर के ठेकों पर कार्य रहे थे। सरकार द्वारा उन ठेकों को समाप्त कर वर्क आउटसोर्स का ठेका कर दिया जिसके चलते नए ठेकेदारों ने उन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। छंटनीग्रस्त कर्मचारियों के समर्थन में जब अनुबंधित व ग्रामीण सफाई कर्मचारी आंदोलन पर गए तो उनमें से सभी 26 सफाई कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया जो न्याय के विरुद्ध है। कर्मचारियों द्वारा ज्ञापन में निकाय मंत्री से अपील की गई है कि वह संघ, सरकार व नगर निगम आयुक्त के साथ हुए समझौतों को लागू कराए तथा मांगपत्र पर वार्ता के लिए समय तथा स्थान तय करके संघ को अवगत कराए।





झज्जर। नप कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए सफाई कर्मचारी व बिल्डिंग इंस्पेक्टर विपिन जैन को ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ज्ञापन देने पहुंचे सफाई कर्मचारियों को नहीं मिले अधिकारी

जब सफाई कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर परिषद कार्यालय में ईओ को ज्ञापन देने पहुंचे तो वहां ईओ व जेई सहित कोई भी अधिकारी मौके पर उपस्थित नहीं मिला। इसके बाद करीब आधे घंटे तक सफाई कर्मचारी नगर परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर बैठे रहे जिसके बाद बिल्डिंग इंस्पेक्टर विपिन जैन ने पहुंच कर कर्मचारियों का ज्ञापन लिया। इस मौके पर विकास उज्जैनवाल, गौरव, मनीषा, किरण, शीतल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

## डीसीपी ने सामाजिक विषयों पर पत्रकारों के साथ की चर्चा

**झज्जर।** वीरवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर डीसीपी डॉक्टर अर्पित जैन की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सामाजिक विषयों पर पत्रकारों के साथ विस्तार से चर्चा की गई। डॉक्टर अर्पित जैन ने कहा कि साइबर क्राइम को लेकर पुलिस की अलग-अलग टीमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को जागरुक कर रही हैं पुलिस का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जाए जिससे साइबर ठग जिले के लोगों को अपना शिकार ना बना पाए। वहीं जिले में बढ़ते सड़क हादसों की संख्या पर अंकुश लगाने पर भी विचार विमर्श किया गया।

## बैठक में नशे के खात्मे पर मंथन

- नशा जहां शरीर के लिए खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आसौदा थाने में वीरवार को एक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पुलिस उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों के अलावा सरपंच व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस बैठक में नशे के खात्मे पर मंथन किया गया। बहादुरगढ़ के पुलिस उपायुक्त ने नशे कोसामाजिक बुराई बताते हुए कहा कि इससे लड़ने के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। नशा जहां शरीर के लिए खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। उनके अनुसार जिला पुलिस नशा मुक्त भारत अभियान के माध्यम से मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। लोगों में नशे के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने नशे की बिक्री देखने पर उसकी जानकारी पुलिस को जरूर देने का आह्वान किया। ताकि सख्त कानूनी कारवाई की जा सके। यह जानकारी देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।




बहादुरगढ़। बैठक के बाद एसएचओ आदि के साथ सरपंच व सरपंच प्रतिनिधि।

## नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया

- नशे की लत व्यक्ति, परिवार, समाज तथा राष्ट्र की तरक्की के लिए खतरा बनती जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

पुलिस की ओर से नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत महिला थाना बहादुरगढ़ प्रभारी राजेश कुमारी ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे सजग करते हुए कहा कि किसी भी तरह के नशे का सेवन करने से सिवाय नुकसान के और कुछ नहीं होता। यदि कोई युवा नशे के गलत रास्ते पर चला गया तो उसका भविष्य अंधकार में चला जाता है। नशा नाश का द्वार है..यह कहावत वास्तविकता को दर्शाती है। जो व्यक्ति नशा करता है वो धीरे-धीरे खुद को पतन की ओर ले जाता है। नशे की लत व्यक्ति, परिवार, समाज तथा राष्ट्र की तरक्की के लिए खतरा बनती जा रही है। यदि हम एक बेहतर समाज व समृद्ध देश बनाने का सपना देख रहें हैं तो युवाओं और भावी पीढ़ी को नशे की लत से बचाना होगा। यह तभी संभव हो सकता है, जब हम नशे का सेवन करने वाले नवयुवकों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत करवा कर नशा छोड़ने के बारे में जागरूक करें।



बहादुरगढ़। लोगों को जागरूक करतीं महिला थाना प्रभारी।

हरिभूमि

आवश्यक सूचना

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़

झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर

फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400

बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

#### जरुरतमंद की जान बचाने के लिए हर व्यक्ति कर सकता है रक्तदान

# 51 बार रक्तदान कर मिसाल बने विनोद

### विश्व रक्तदान दिवस पर विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

संवेदनहीन होते जा रहे समाज में विनोद शर्मा जैसे लोग वट वृक्ष की छांव जैसे लगते हैं। आधुनिकता के दौर में विनोद का मानव जीवन की रक्षा करने का तरीका मिसाल है। विनोद ने अपनी रगों में बहते खून को जरुरतमंदों के नाम कर दिया। गत 30 वर्षों में 51 बार रक्तदान कर चुके विनोद शर्मा क्षेत्र में लगने वाले रक्तदान शिविरों के नियमित सदस्य का रुतबा हासिल कर चुके हैं। वे रक्तदान करने के मामले में अन्य नागरिकों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन चुके हैं। शहर के दयानंद नगर में रहने वाले विनोद शर्मा के अनुसार रक्तदान करने से ना तो कभी कोई कमजोरी महसूस होती है और ना ही कोई अन्य समस्या पेश आती है। उनका रक्तदान की तरफ रुझान होने के पीछे भी एक दास्तान है। उनके अनुसार 90 के दशक की शुरूआत में उनके एक दोस्त के परिवार में दिक्कत आई तो उन्होंने पहली बार रक्तदान किया था। कपड़े का काम करने वाले विनोद को 1994 के दौरान शेयर मार्केट में बेहद घाटा हुआ। लेकिन दूसरी ओर पिता और दादा से सदैव दान-धर्म करने की शिक्षा मिली थी। इसीलिए वह लगातार दान करने के लिए असमंजस में रहते। इस दौरान उन्होंने लायन्स क्लब के एक बैनर पर रक्तदान-महादान का स्लोगन पढ़ा। यह पढ़कर उन्हें समझ आया कि जरूरी नहीं, पैसे का ही दान दिया जाए। रक्त ऐसी चीज है, जिसे हर गरीब-अमीर दे सकता है। इससे जरुरतमंद को जीवनदान मिलता है।

इसके बाद विनोद शर्मा ने इसे अपने जीवन का मिशन बना लिया और समाज सेवा के प्रति खुद को समर्पित करते हुए लगातार रक्तदान करते चले गए। हालांकि उनके इन प्रयासों को शासन-प्रशासन से कभी सराहना नहीं मिली। स्कूल यूनिफॉर्म का व्यवसाय करने वाले विनोद अब बहादुरगढ़ रक्तदाता समूह के संपर्क में हैं। उन्होंने कोरोना के दौरान भी दो बार रक्तदान किया। एक बार ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल ने भी उन्हें सम्मानित किया था। ऐसा नहीं है कि वह महज रक्तदान तक ही सीमित रहे हो। बल्कि समाजसेवा के कई अन्य कार्यक्रमों में भी उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई।



बहादुरगढ़। अब तक 51 बार रक्तदान कर चुके विनोद शर्मा।

## गडकरी से मिलकर अमित ने दी बधाई



बहादुरगढ़। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बधाई देते अमित खत्री।

**बहादुरगढ़।** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय महासचिव अमित खत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें फिर से केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर बधाई दी। बहादुरगढ़ निवासी अमित अखिल भारतीय धोबी महासभा के भी राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हैं। स्वच्छता अभियान के जनक रजक गुरु राष्ट्र संत गाडगे बाबा का चित्र भेंट कर गडकरी का अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि मुख्य कार्यकर्ताओं को छोड़कर नए लोगों पर भरोसा करने के कारण ही इस बार भाजपा की सीटों में कमी आई है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में पिछड़े वर्ग को प्राथमिकता देने का अनुरोध किया। साथ ही रजक समाज की वर्षों से लंबित एससी आरक्षण की मांग और रजक कल्याण बोर्ड का गठन करने की मांग पूरी करने की अपील दोहराई।